राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

कलाकारों का अभिनंदन करते हुए उनकी कला की सराहना की

राज्यपाल ने छत्रपति संभाजी नगर में गोविंद भाई श्रॉफ संगीत महोत्सव में भाग लिया

दिगंबर जैन समाज मंदिर में पूजा अर्चना कर सबके मंगल की कामना की

जयपुर, 7 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को छत्रपति संभाजी नगर स्थित खंडेलवाल दिगंबर जैन समाज के पारसनाथ जैन मंदिर में पहुंचकर श्री शांतिनाथ भगवान की पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर में भगवान के दर्शन कर सभी के मंगल की कामना की।

राज्यपाल का बाद में जैन समाज द्वारा भाव—भरा अभिनंदन और सम्मान किया गया। राज्यपाल ने सभी का आभार जताया और जैन समुदाय द्वारा समाज सेवा के लिए किए कार्यों की सराहना की।

राज्यपाल श्री बागडे ने छत्रपति संभाजी नगर में गोविंद भाई श्रॉफ संगीत महोत्सव में भी भाग लिया। श्री सरस्वती भुवन शिक्षण संस्था द्वारा आयोजित इस समारोह में उन्होंने कलाकारों का अभिनंदन करते हुए कहा कि भारतीय संगीत अंतर के अन्वेषण से जुड़ा है। हमारे यहां संगीत ईश्वर के निकट पहुंचने का सर्वोच्च साधन बताया गया है। उन्होंने बाद में समारोह में सांगीतिक प्रस्तुतियां का भी आस्वाद किया और कलाकारों की कला की सराहना की।

———

छत्रपती संभाजीनगर
आयोजित
संगीत महोत्सव